J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:21.02.2023**

# AAJ SAMAJ

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू


शिविर में पहुंचने पर अतिथि का स्वागत करते हुए। आज समाज

**फरीदाबाद।** विक्रम सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा जिला उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के कुशल मार्गदर्शन व डॉ मुकेश अग्रवाल महासचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार एवं सचिव विजेंद्र सौरोत के नेतृत्व में जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस विद्यार्थी के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शिक्षा विभाग के सहयोग से 20 फरवरी से 28 फरवरी तक जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के प्रांगण में किया जा रहा है।

जिसमें 20 विश्वविद्यालय कॉलेज से 80 विद्यार्थी व 20 जूनियर रेड क्रॉस काउंसलर द्वारा भाग लिया गया। शिविर का उद्घाटन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल के द्वारा रेडक्रॉस झंडा फहराते हुए एवं मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित करते हुए किया। उन्होंने बताया कि किसी भी देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है जिस देश का युवा जागृत एवं शक्तिशाली होगा वह देश तरक्की करेगा रेड क्रॉस सोसाइटी एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो स्वास्थ्य सेवा मित्रता के साथ-साथ मानवता भेदभाव रहित स्वतंत्र निष्पक्षता तटस्थता एकता स्वैच्छिक सेवा भाव से तत्पर आमजन के भाव जागरूकता के भाव जगाती हैं।

इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बिजेन्द्र सोरोत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया बिजेंदर सोरोत के द्वारा रेड क्रॉस के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना सन 1863 ईस्वी में सर जॉन हेनरी ड्यूनैंट द्वारा की गई जिसने 1901 में प्रथम नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. दुर्गेश प्रवक्ता राजकीय नेहरू महाविद्यालय के द्वारा मंच का संचालन किया गया। इसके पश्चात जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा नशा मुक्ति पर एक समारोह का आयोजन किया गया इसके पश्चात दैनिक गतिविधियां शुरू हो गईं।

**NEWS CLIPPING:21.02.2023**

# PIONEER

# जेसी बोस में चल रहा यूथ रेडक्रॉस विद्यार्थी प्रशिक्षण शिविर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**कार्यक्रम का शुभांरभ करते अतिथिगण, संग में रेडक्रॉस सचिव बिजेन्द्र सौरोत।**

**जिला** उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद सचिव विजेंद्र सौरोत के नेतृत्व में जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस विद्यार्थी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शिक्षा विभाग के सहयोग से 20 से 28 फरवरी तक जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के प्रांगण में किया जा रहा है। जिसमें 20 कॉलेज से 80 विद्यार्थी व 20 जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर द्वारा भाग लिया गया। शिविर का उद्घाटन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल द्वारा रेडक्रॉस झंडा फहराते हुए एवं मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित करते हुए किया। उन्होंने बताया कि किसी भी देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है जिस देश का युवा जागृत एवं शक्तिशाली होगा वह देश तरक्की करेगा रेडक्रॉस सोसाइटी एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो स्वास्थ्य सेवा मित्रता के साथ-साथ मानवता भेदभाव रहित स्वतंत्र निष्पक्षता तटस्थता एकता स्वैच्छिक सेवा भाव से तत्पर आमजन के भाव जागरूकता के भाव जगाती हैं। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बिजेन्द्र सोरोत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया बिजेंदर सोरोत के द्वारा रेड क्रॉस के बारे में बताया कि रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना सन 1863 ईस्वी में सर जॉन हेनरी ड्यूनेंट द्वारा की गई जिसने 1901 में प्रथम नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**NEWS CLIPPING:21.02.2023**


# PUNJAB KESARI

## जिला स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस विद्यार्थियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

फरीदाबाद, 20 फरवरी (महावीर): विक्रम सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा माननीय उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के कुशल मार्गदर्शन व डॉ मुकेश अग्रवाल महासचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार एवं सचिव विजेंद्र सौरोत के नेतृत्व में जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस विद्यार्थी के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शिक्षा विभाग के सहयोग से आज जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के प्रांगण में शुरू हुआ। इसमें 20 विश्वविद्यालय कॉलेज के 80 विद्यार्थी व 20 जूनियर रेड क्रॉस काउंसलर शामिल हुए।



दीप प्रज्जवलित कर शिविर की शुरुआत करते मुख्य अतिथि।



शिविर में शामिल प्रतिभागी। (छाया: एस शर्मा)

शिविर का उद्घाटन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल के द्वारा रेडक्रॉस झंडा फहराते हुए एवं मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित करते हुए किया। उन्होंने बताया कि किसी भी देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है। जिस देश का युवा जागृत एवं शक्तिशाली होगा। वह देश तरक्की करेगा रेड क्रॉस सोसाइटी एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो स्वास्थ्य सेवा मित्रता के साथ-साथ मानवता भेदभाव रहित स्वतंत्र निष्पक्षता तटस्थता एकता स्वैच्छिक सेवा भाव से तत्पर आमजन के भाव जागरूकता के भाव जगाती हैं। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बिजेन्द्र सोरोत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया बिजेंदर सोरोत जी के द्वारा रेडक्रॉस के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना सन 1863 ईस्वी में सर जॉन हेनरी ड्यूनेन्ट द्वारा की गई जिसने 1901 में प्रथम नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ दुर्गेश प्रवक्ता राजकीय नेहरू महाविद्यालय के द्वारा मंच का संचालन किया गया। इसके पश्चात जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा नशा मुक्ति पर एक समारोह का आयोजन किया गया इसके पश्चात दैनिक गतिविधियां शुरू हो गई इसमें ईशाक कौशिक जिला प्रशिक्षण अधिकारी के द्वारा बताया गया कि रेडक्रॉस के द्वारा अनेकों गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:21.02.2023**

# REPCO NEWS

## जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस विद्यार्थी के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हो रहा आयोजन

**फरीदाबाद, 20 फरवरी।** श्री विक्रम सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा माननीय उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के कुशल मार्गदर्शन व डॉ मुकेश अग्रवाल महासचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार एवं सचिव श्री विजेंद्र सौरभ के नेतृत्व में जिला स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस विद्यार्थी के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शिक्षा विभाग के सहयोग से दिनांक 20.02.23 से 28.02.23 तक जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के प्रांगण में किया जा रहा है. जिसमें 20 विश्वविद्यालय कॉलेज से 80 विद्यार्थी व 20 जूनियर रेड क्रॉस काउंसलर द्वारा भाग लिया गया शिविर का उद्घाटन



भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल जी के द्वारा रेडक्रॉस झंडा फहराते हुए एवं मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित करते हुए किया उन्होंने बताया कि किसी भी देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है जिस देश का युवा जागृत एवं शक्तिशाली होगा वह देश तरक्की करेगा रेड क्रॉस सोसाइटी एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो स्वास्थ्य सेवा मित्रता के साथ-साथ मानवता भेदभाव रहित स्वतंत्र निष्पक्षता तटस्थता एकता स्वैच्छिक सेवा भाव से तत्पर आमजन के भाव जागरूकता के भाव जगाती हैं 1

इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्री बिजेंदर सोरोत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया श्री बिजेंदर सोरोत जी के द्वारा रेड क्रॉस के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना सन 1863 ईस्वी में सर जॉन हेनरी ड्यूनैंट द्वारा की गई जिसने 1901 में प्रथम नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया1

डॉ दुर्गेश प्रवक्ता राजकीय नेहरू महाविद्यालय के द्वारा मंच का संचालन किया गया 1

इसके पश्चात जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा नशा मुक्ति पर एक समारोह का आयोजन किया गया इसके पश्चात दैनिक गतिविधियां शुरू हो गई इसमें श्री ईशान कौशिक जिला प्रशिक्षण अधिकारी के द्वारा बताया गया कि रेडक्रॉस के द्वारा अनेकों गतिविधियां चलाई जा रही हैं 1

**NEWS CLIPPING:21.02.2023**

# AAJ SAMAJ

## जेसी बोस विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 22 को

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 22 फरवरी, 2023 को विश्वविद्यालय के शाकुंतलम्‌ हॉल में किया जायेगा। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2017 से 2020 तथा 2022 के दौरान उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएगी। हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे तथा कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बीके कुठियाला विशिष्ट अतिथि होंगे तथा दीक्षांत भाषण देंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि इस बार भी पारंपरिक भारतीय वेशभूषा दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड का हिस्सा रहेंगे। दीक्षांत समारोह के उपलक्ष में पहने जाने वाले काले गाउन तथा चैकोर टोपी के स्थान पर पारंपरिक भारतीय परिधान पहनने की शुरूआत सर्वप्रथम विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2017 में दूसरे दीक्षांत समारोह के दौरान की गई थी। इसी परम्परा का अनुसरण करते हुए इस बार दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड में छात्र ऑफ-व्हाइट या क्रीम रंग का कुर्ता-पायजामा या विकल्प के रूप में पैंट-शर्ट पहनेंगे। इसी तरह छात्राएं ऑफ व्हाइट या क्रीम या बेज कलर की गोल्डन बॉर्डर वाली साड़ी या विकल्प के रूप में दुपट्टे के साथ आफ-व्हाइट सूट पहनेंगी। विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, संकाय सदस्य तथा अतिथि भी इस ड्रेस कोड की अनुपालना करेंगे।

उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के कारण जारी प्रतिबंधों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पिछला दीक्षांत समारोह केवल वर्ष 2021 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। अब ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2017 से 2020 के बीच डिग्री उत्तीर्ण की है, लेकिन डिग्री नहीं ली है, वे सभी दीक्षांत समारोह में हिस्सा ले सकते है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:21.02.2023**

# DAINIK BHASKAR

## कल 1150 से अधिक विद्यार्थियों व शोधार्थियों को दी जाएंगी डिग्रियां

**फरीदाबाद** | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 22 फरवरी को होगा। इसमें वर्ष 2017 से 2020 तथा 2022 के दौरान उत्तीर्ण विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वें कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। इस दौरान हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. बीके कुठियाला दीक्षांत भाषण देंगे। समारोह में 1150 से अधिक विद्यार्थियों व शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:21.02.2023**

# HINDUSTAN

## जिला यूथ रेड क्रॉस का शिविर शुरू

फरीदाबाद। जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए शिविर लगाया गया है। इसमें 80 छात्र व 20 जूनियर रेड क्रॉस काउंसलर भाग लेंगे।

**NEWS CLIPPING:21.02.2023**

## HINDUSTAN

# कुर्ता पायजामा-साड़ी में डिग्री लेंगे वाईएमसीए के छात्र

**फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में छात्र कुर्ता पायजामा और साड़ी पहनकर डिग्रियां लेंगे।

- 22 फरवरी को दीक्षांत समारोह होगा
- राज्यपाल करेंगे दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता

22 फरवरी को आयोजित होने वाले चौथे दीक्षांत समारोह के लिए ये योजना बनाई गई है। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के शकुंतलम हॉल में किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में साल 2017 से 2020 और 2022 के दौरान पास सभी छात्रों और शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वहीं कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में छात्रों को उपाधि, पदक और प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बीके कुठियाला विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। समारोह में पहने जाने वाले काले गाउन और टोपी के स्थान पर छात्र पारंपरिक परिधान पहनेंगे। इसके तहत ड्रेस कोड में छात्र ऑफ-व्हाइट या क्रीम रंग का कुर्ता पायजामा और छात्राएं व्हाइट या क्रीम या बेज कलर की गोल्डन बॉर्डर वाली साड़ी या विकल्प के रूप में दुपट्टे के साथ व्हाइट सूट पहनेंगी। विश्वविद्यालय के पदाधिकारी भी ड्रेस कोड का पालन करेंगे।

**NEWS CLIPPING:21.02.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## जेसी बोस यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह कल

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी 22 फरवरी को दीक्षांत समारोह का आयोजन करेगी। इस दौरान 2017 से 2020 व 2022 के दौरान पास हुए सभी छात्रों व शोधार्थियों को डिग्रियां दी जाएंगी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वहीं, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रफेसर बीके कुठियाला विशिष्ट अतिथि होंगे। कुलपति प्रफेसर सुनील कुमार की उपस्थिति में डिग्री, पदक व प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड में छात्र ऑफ वाइट व क्रीम रंग का कुर्ता-पायजामा या विकल्प के रूप में पैंट-शर्ट पहनेंगे। इसी तरह छात्राएं ऑफ वाइट व क्रीम गोल्डन बॉर्डर वाली साड़ी या विकल्प के रूप में दुपट्टे के साथ सूट पहनेंगी। यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी भी इसी ड्रेस में रहेंगे। इस दौरान 1150 छात्रों व शोधार्थियों ने दीक्षांत समारोह के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। समारोह में 13 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:21.02.2023**

# PUNJAB KESARI

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह कल

फरीदाबाद, 20 फरवरी (पूजा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 22 फरवरी, 2023 को विश्वविद्यालय के शाकुंतलम हॉल में किया जायेगा। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2017 से 2020 तथा 2022 के दौरान उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएगी। हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे तथा कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बी. के. कुठियाला विशिष्ट अतिथि होंगे तथा दीक्षांत भाषण देंगे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:21.02.2023**

# REPCO NEWS

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 22 फरवरी को

**फरीदाबाद (सूरजकुंड), 17 फरवरी।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 22 फरवरी, 2023 को विश्वविद्यालय के शाकुंतलम् हॉल में किया जायेगा। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2017 से 2020 तथा 2022 के दौरान उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जायेगी।हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे तथा कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बी. के. कुठियाला विशिष्ट अतिथि होंगे तथा दीक्षांत भाषण देंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने बताया कि इस बार भी पारंपरिक भारतीय वेशभूषा दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड का हिस्सा रहेंगे। दीक्षांत समारोह के उपलक्ष में पहने जाने वाले काले गाउन तथा चैकोर टोपी के स्थान पर पारंपरिक भारतीय परिधान पहनने की शुरूआत सर्वप्रथम विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2017 में दूसरे दीक्षांत समारोह के दौरान की गई थी। इसी परम्परा का अनुसरण करते हुए इस बार दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड में छात्र ऑफ-व्हाइट या क्रीम रंग का कुर्ता-पायजामा या विकल्प के रूप में पैंट-शर्ट पहनेंगे। इसी तरह छात्राएं ऑफ व्हाइट या क्रीम या बेज कलर की गोल्डन बॉर्डर वाली साड़ी या विकल्प के रूप में दुपट्टे के साथ आफ-व्हाइट सूट पहनेंगी। विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, संकाय सदस्य तथा अतिथि भी इस ड्रेस कोड की अनुपालना करेंगे। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के कारण जारी प्रतिबंधों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पिछला दीक्षांत समारोह केवल वर्ष 2021 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। अब ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2017 से 2020 के बीच डिग्री उत्तीर्ण की है, लेकिन डिग्री नहीं ली है, वे सभी दीक्षांत समारोह में हिस्सा ले सकते है।

प्रो. कोमल कुमार भाटिया ने बताया कि दीक्षांत समारोह के लिए वर्ष 2023 में डिग्री पूरी करने वाले सभी पात्र 2768 विद्यार्थियों और शोधार्थियों में से 1150 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने पंजीकरण करवाया है जोकि दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे।

इसके अलावा, दीक्षांत समारोह में वर्ष 2022 में विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में डिग्री पूरी करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान, कुल 13 स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे, जिनमें 75,000 रुपये राशि के एक राज्यपाल-कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 65,000 रुपये राशि के एक मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक तथा 11 कुलपति स्वर्ण पदक शामिल हैं। सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने के लिए 21 फरवरी, 2023 को शाकुंतलम् सभागार में दोपहर 2 बजे से पूर्वाभ्यास में हिस्सा लेना अनिवार्य है। दीक्षांत समारोह के लिए पात्र विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jcboseust.ac.in पर देखी जा सकती है।